सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

कार्यपरिषद् की बैठक

दिनांक -24.05.2014
समय - अपराह्ण 3:00 बजे से
स्थान - योग साधना केन्द्र

उपस्थिति

1-प्रो॰ बिन्दा प्रसाद मिश्र, कुलपति- अध्यक्ष

2- प्रो॰ हरिशंकर पाण्डेय
3- प्रो॰ आशुतोष मिश्र
4- डा॰ प्रभु सिंह यादव
5- डा॰ राजनाथ
6- प्रो॰ यदुनाथ प्रसाद दुबे
7- डा॰ हरिप्रसाद अधिकारी
8- डा॰ ललित कुमार चौबे
9- प्रो॰कृष्ण कान्त शर्मा
10- श्रीमती विमला देवी पोद्दार
11- प्रो॰रामकिशोर त्रिपाठी
12- डा॰ शैलेश कुमार मिश्र
13- वित्ताधिकारी
14- कुलसचिव - सचिव

सर्वप्रथम कुलपति महोदय ने सभी सदस्यों का अभिनन्दन करते हुए कार्यपरिषद् की कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की।

विचारणीय विषय (एजेण्डा)-

- **कुलपति की नियुक्ति के सन्दर्भ में उत्तर-प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा-12 की उपधारा (1) के अन्तर्गत गठित होने वाली समिति में धारा 12(2)(क) के अन्तर्गत निर्वाचित सदस्य की असमर्थता व्यक्त करने के कारण नये सदस्य के निर्वाचन पर विचार।**

कार्यपरिषद् को कुलसचिव ने अवगत कराया कि कुलपति के चयन हेतु गठित होने वाली समिति में सदस्यता हेतु विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद् ने अपनी बैठक दिनांक 19.04.2014 में श्री गोपबन्धु पटनायक, सेवानिवृत्त आई॰ए॰एस॰, पूर्व कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ एव प्रमुख सचिव, माननीय श्री राज्यपाल उत्त प्रदेश को निर्वाचित किया था तथा निर्वाचन की सूचना विश्वविद्यालयने अपने पत्र सं॰कु॰स॰5638/2014, दिनांक 19.04.2014 द्वारा प्रेषित की गयी थी। परन्तु कुलपति महोदय से श्री पटनायक जी ने दूरभाष पर हुई वार्ता के क्रम में सूचित किया है कि श्री

पटनायक जी ने कार्यपरिषद् के प्रति अपना धन्यवाद ज्ञापित करने हुये कतिपय निजी अपरिहार्य कारणों से अपनी अस्वीकृति व्यक्त की है। जिसकी सूचना माननीय कुलाधिपति सचिवालय को पत्र सं॰कु॰सं॰5599/2014, दिनांक 10.05.2014 द्वारा दी जा चुकी है।

अतः निर्वाचित सदस्य की असमर्थता व्यक्त करने के कारण नये सदस्य के निर्वाचन पर विचार होना है।

कार्यपरिषद् ने उपर्युक्त पर सम्यक रूप से विचार करते हुए परिषद् के सदस्य प्रो॰ कृष्णकान्त शर्मा के प्रस्ताव को श्रीमती विमला पोद्दार एवं प्रो॰ यदुनाथ प्रसाद दुबे के अनुमोदन पर कार्यपरिषद् ने सर्वसम्मति से उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 12(2)(क) में दी गयी व्यवस्था के अर्न्तगत **प्रो॰ कमलेश दत्त त्रिपाठी, पूर्व संकाय प्रमुख काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी एवं परामर्शदाता इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, परिस्पन्द, रवीन्द्रपुरी कालोनी, वाराणसी *(आवासीय पता- 141/1, प्रज्ञा पूरम् कालोनी, सुसुवाही, नासीरपुर मार्ग, पो॰ डाफी, वाराणसी-221005)*** को कुलपति खोज समिति का सदस्य निर्वाचित किया।

अंत में अध्यक्ष ने सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभा विसर्जन की घोषणा की।

उपकुलसचिव (प्रशा॰) / कुलसचिव / मा॰ कुलपति जी
कृ॰ अनुमोदनार्थ
24/5/14
24.05.14 DR(A)
24/05/14
V.C. 24.5.14

कुलसचिव
सं॰सं॰वि॰वि॰,वाराणसी

E:\Word\Kp\2014\07.06.2014